प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

30 अप्रैल 2021

रिज़र्व बैंक गवर्नर ने लघु वित्त बैंकों के एमडी और सीईओ से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने 30 अप्रैल 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लघु वित्त बैंकों के एमडी / सीईओ के साथ बैठक की। बैठक में उप गवर्नर श्री एम.के.जैन, डॉ. एम.डी.पात्र, श्री एम. राजेश्वर राव और रिज़र्व बैंक के कुछ अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

अपने प्रारंभिक संबोधन में, गवर्नर ने व्यक्तियों और छोटे कारोबारों को ऋण और अन्य वित्तीय सेवाएं प्रदान करने में एसएफबी की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचाना। उन्होंने अपने कारोबार को बनाए रखने और विवेकपूर्ण तरीके से जोखिमों को प्रबंधित करने के लिए पर्यवेक्षी अपेक्षाओं पर भी जोर दिया । उन्होंने बैंकों को सूचित किया कि वे बैंकों और उनके ग्राहकों के हित में आईटी सिस्टम को मजबूत करते हुए ग्राहक शिकायत निवारण प्रक्रिया में सुधार पर ध्यान दें।

अन्य विषयों के साथ, बैठक में निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा की गई।

1. वर्तमान आर्थिक स्थिति का आकलन;
2. उधारकर्ताओं के विभिन्न खंडों में ऋण प्रवाह;
3. बैंकों के तुलन पत्रों पर संभावित दवाब पर आउटलुक;
4. चलनिधि परिदृश्य।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/140